an>

Title: Need to stop toll tax recovery on National Highway No. 25 in Unnao Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

डॉ. स्वामी साक्षीजी महाराज (उन्नाव) : सभापति जी, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 25 कानपुर से लखनऊ मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव से होकर जाता है। मेरे क्षेत्र में काफी समय पहले एक ओवरब्रिज का शिलान्यास किया गया था। इतने लम्बे अंतराल के बाद भी उसका अभी तक निर्माण नहीं हुआ है। इसके परिणामस्वरूप वहां दस-दस घंटे तक जाम लगा रहता है। कानपुर से लखनऊ तक का पूरा मार्ग जीर्णशीर्ण अवस्था में है, जिसके कारण बड़ी मुश्किल से यात्रा होती है। इसके अलावा मेरे संसदीय क्षेत्र में नवाबगंज में टोल टैक्स वसूलने के लिए टोल बूथ बनाया गया है। जब मार्ग ही ठीक नहीं है तो फिर टोल क्यों वसूला जाता है और दस-दस घंटे तक जाम लगा रहता है इसलिए टोल वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। इसके अलावा टोल बूथ के कर्मचारी लोगों से बदसलूकी से पेश आते हैं। उस मार्ग पर तीन दर्जन से ज्यादा जनपद के लोग यात्रा करते हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि कानपुर से लखनऊ तक के राजमार्ग को ठीक कराया जाए, पुल जो बनना है, उसे तुरंत बनवाया जाए और जब तक वह पूरा मार्ग ठीक नहीं होता, तब तक नवाबगंज में टोल वसूली को रोका जाए।